<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय – हिंदी　　　　　　कक्षा –सात　अभ्यास पत्र　　　　　अक्तूबर (2024-2025)

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सफल और असफल मनुष्य में क्या अंतर है? यह कि एक ने अधिक काम किया और दूसरे ने कम? क्या यही दोनों के परिश्रम के विभिन्न परिणामों का कारण है? नहीं! बात कुछ और ही है। सफल व्यक्ति ने अपना कार्य बुद्धिमता से किया, एकाग्रता से किया, उसने अपना दिमाग लगाया। असफल व्यक्ति ने केवल बोझ ढोया था। ऐसे लोग बुद्धि का उपयोग नहीं करते। उनके श्रम और उनके फल को देखकर उन पर दया आती है। वे परिस्थितियों को पकड़े रहते हैं और नहीं जानते कि अवसर से किस तरह लाभ उठाना चाहिए। उनमें वह योग्यता नहीं होती जिससे वे अपनी असफलता को सफलता में बदल दें।

प्रश्न क : सफल और असफल व्यक्ति में क्या मुख्य अंतर बताया गया है?

i) सफल व्यक्ति अधिक काम करता है

ii) असफल व्यक्ति कम काम करता है

iii) सफल व्यक्ति बुद्धिमानी से काम करता है

iv) असफल व्यक्ति विभिन्न अवसर का लाभ उठाता है

प्रश्न ख: गद्यांश के अनुसार, असफल व्यक्ति पर क्यों दया आती है?

i) क्योंकि वह कड़ी मेहनत करता है

ii) क्योंकि वह सफलता प्राप्त नहीं कर पाता

iii) क्योंकि वह बुद्धि का उपयोग नहीं करता

iv) क्योंकि वह हमेशा दु;खी रहता है

प्रश्न ग: सफल व्यक्ति अपनी सफलता कैसे प्राप्त करता है?

i) केवल मेहनत से

ii) योग्यता और अवसर का लाभ उठाकर

iii) परिस्थितियों को पकड़कर

iv) कठिन परिस्थितियों में हार मानकर

प्रश्न घ : कौन अधिक काम करता है और क्यों ?

प्रश्न ड़: काम का बोझ कौन नहीं ढोते ?

प्रश्न 2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

मनुष्य , युवक , कृष्ण , दुर्गा , स्त्री

2) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

क) वायु से चलने वाला
ख) जो भविष्य में आने वाला हो –
ग) बड़ा भाई –
घ) जिसके आर-पार देखा जा सके –
ङ) जहाँ औषधियाँ रखी जाती हैं –

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया का भेद भीं बताइए |

क) राम ने मोहन के लिए पुस्तक खरीदी |
ख) पक्षियों का झुंड आसमान में उड़ रहा था |
ग) देखो ! वह बच्चा कितना रो रहा है |
घ) मुझे पूरियाँ पसंद हैं |

प्रश्न 4.निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

1) जल की प्रीत कैसी होती है ?
2) क्वार के बादलों की क्या विशेषता होती है ?
3) व्यक्ति को घमंड क्यों नहीं करना चाहिए ?
4) ‘एक तिनका’ कविता हमें क्या समझाती है ?

प्रश्न 5. ‘खेलों का महत्त्व ’ विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए ।